ऑनलाईन परीक्षा के लिए आवश्यक निर्देश

परीक्षार्थियो से अनुरोध है कि ऑनलाईन परीक्षा के लिए निर्धारित तिथि और समय से पूर्व रिर्पोटिंग समय पर परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित रहें। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर कम से कम 30 मिनट पूर्व उपस्थित हों। परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट बाद परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश पत्र और फोटो परिचय पत्र के बिना परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। कृपया ध्यान दें कि परीक्षा पत्र के अलावा आपको एक फोटो पहचान पत्र (वोटर–आईडी/ड्राईविंग लाईसेंस/पासपोर्ट/आधार–कार्ड/पैनकार्ड अथवा कोई भी सरकारी परिचय पत्र) भी आपको पहचान के तौर पर परीक्षा के दौरान समय पर दिखाना होगा, नहीं तो परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यदि स्कैन फोटो स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, तो कृपया प्रवेश पत्र में फोटो के लिए दिए गये स्थान पर अपना पासपोर्ट साईज फोटो चिपकाएं।

ऑनलाईन परीक्षा में 100 प्रश्न दिये जाएंगे और आवंटित समय 1 घंटा 30 मिनट होगा। सभी प्रश्न वैकल्पिक प्रकार के होंगें। हर प्रश्न के चार विकल्प होंगे। आपको एक सही उत्तर चुनना है।

परीक्षा पत्र केवल हिन्दी अथवा केवल अंग्रेजी या दोनो भाषाओं में होगा। द्विभाषी प्रश्न में अग्रेजी व हिन्दी भाषा एक साथ लिखी होंगी। द्विभाषी प्रश्न पत्र में अर्थ की व्याख्या हेतु अंग्रेजी भाषा को मान्यता दी जावेगी।

परीक्षार्थी को कैल्क्यूलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटुथ, कागज, नोट्स, किताब, स्कैनिंग उपकरण, पेजर, हैडफोन, एअर–प्लग, लैपटाप PC अथवा किसी उपकरण को परीक्षा केन्द्र में ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। SIHFW इस प्रकार के किसी भी उपकरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी नहीं लेगा। जो उम्मीदवार इन प्रतिबंधित उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए पाये जाएंगें या जिनके पास यह चीजें बरामद होंगी, अथवा जो नकल करते हुए या अनुचित व्यवहार करते हुए पायें जाएंगें वे अयोग्य करार दिए जाएंगे तथा उन पर कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र www.sihfwrajasthan.com, www.rajswasthya.nic.in एवं emitra की साईट से डाउनलोड कर सकते है

परीक्षा केन्द्र में केवल HB पेंसिल ले जाने की अनुमति दी जायेगी। अभ्यार्थी को बॉल प्वाइंट अथवा किसी भी प्रकार का पेन ले जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

अन्य स्पष्टीकरण और आवश्यक सूचना हेतु प्रवेश पत्र पर दिये दूरभाष नं. पर सम्पर्क करें।